Titupati Balaji Group / Established 2009 / Ghaziabad
R.N.I No. UPBIL/2009/28691, DAVP Code: 101473

Page 8 / Price Rs. 2.00 / Ghaziabad, Sunday, 4 March 2018
Postal Registration No. UP/GBZ-80/2016-18

TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Vol./Year-9 Issue - 39

Hindi / English (Bi-Lingual) Weekly Ghaziabad
केन्द्र एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

News of the Week

lkaIn dkV u bPNkeR;| dk vf/kdkj fn;k gA dkbZ Hkh 0;fDr ykbykt jkx I xfIr gkus vkj ej.kklUu fLFkfr e igpus I io funs'k n Idrk g fd mIds thouj{kd midj.k gVkdj 'kkfr I eju fn;k tk,A

Inside Ghaziabad

पेज नंबर 2
e/kcu&ckiu/kke e vk|kfxd {k= gkxk fodfIr

पेज नंबर 5
Ghaziabad couple found dead in bathroom...

TIRUPATI EYE

;kno flg ler dbZ vkjkih g, dkV e is'k

xkft;kckn % नोएडा प्राधिकरण घोटाले में बृहस्पतिवार को आरोपी मुख्य अभियंता यादव सिंह समेत कई आरोपी सीबीआइ कोर्ट में पेश हुए। बृहस्पतिवार को एक बैंक के पूर्व मैनेजर राजेश्वर सक्सेना की गवाही हुई। गवाही पूरी होने पर कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 12 मार्च की तारीख लगाई है। बृहस्पतिवार को विशेष सीबीआइ कोर्ट में नोएडा प्राधिकरण घोटाले में सुनवाई होनी थी।

uk,Mk çkf/kdj.k ?kkVkys e tbZ dks feyh tekur

xkft;kckn % नोएडा प्राधिकरण में हुए करोड़ों रुपये के घोटाले में डासना जेल में बंद आरोपित जेई ओमपाल को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई है। बृहस्पतिवार को जेई के अधिवक्ता ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की कॉपी विशेष सीबीआइ कोर्ट में जमा की। कोर्ट ने दो लाख रुपये के पर्सनल बांड व दो–दो लाख रुपये के दो जमानती पेश करने के बाद जमानत के आदेश दिए।

ekxk dk y dj Ih,evk dk Kkiu

xkft;kckn : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद गाजियाबाद शाखा ने बृहस्पतिवार को सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। इस बारे में जिलाध्यक्ष देवब्रत चौधरी ने बताया कि मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा नियमों के विरुद्ध अनुचित तरीके से मिनिस्ट्रियल संवर्ग के कार्य अन्य संवर्ग से कराए जा रहे हैं। ज्ञापन में मिनिस्ट्रियल संवर्ग के कार्य संवर्ग कर्मचारियों को सौंपे जाने की मांग की गई है।

jkVjh Dyc vkQ bfnjkiqje Xykj us rhu fo|ky; cuk, LekV

i[k] iktDVj] dI;Vj] cp] V;c ykbV d vykok dbZ vU; lkeku yxk,

Xkkft;kckn % रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम ग्लौर जनपद गाजियाबाद के तीन सरकारी स्कूलों को गोद लेकर उन्हें स्मार्ट स्कूल बना रहा है। रोटरी क्लब ने स्कूलों को पंखे, प्रोजेक्टर, कंप्यूटर, बैंच, ट्यूबलाइट के अलावा टायलेट, शुद्ध पेयजल, साफ–सफाई व अन्य कई सुविधाएं मुहैया कराई है। रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम ग्लौर की प्रेजीडेंट रो. मनीषा भार्गव ने बताया कि क्लब द्वारा जून 2016 में साहिबाबाद गांव स्थित जूनियर व प्राथमिक विद्यालय को गोद लिया था। वहीं सराय नजर अली स्थित प्राथमिक विद्यालय को जून 2015 में गोद लेकर विकास कार्य शुरू कराए। साहिबाबाद प्राथमिक व जूनियर विद्यालय को स्मार्ट बनाने के लिए दो कंप्यूटर दिए गए जिससे बच्चे स्मार्ट बन सके। इसके अलावा 11 पंखे दिए गए। वहीं स्कूल में प्रोजेक्टर लगवाया। पानी की टंकी व

सबमर्सिबल लगवाए। विद्यार्थियों व टीचर के लिए अलग–अलग टायलेट बनवाए। अब स्कूल को 20 बेंच दी जाएगी। जिससे विद्यार्थी बैंच पर बैठकर पढाई कर सके। रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम ग्लौर के चार्टर प्रेजीडेंट डा.धीरज कुमार भार्गव ने बताया कि सराय नजर अली स्थित प्राथमिक विद्यालय को 50 बैंच, 6 पंखे, 5 ट्यूबलाइट दी गई है। इसके अलावा यहां बच्चों के लिए अलग–अलग टायलेट बनवाए गए। उन्होंने बताया कि तीनों विद्यालय को स्मार्ट बनाया जा रहा है। वहीं उन्होंने प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई और कहा कि उन्हें प्रशासन की तरफ से भी कोई सहयोग नहीं मिलता। यदि डीएम उन्हें सहयोग करें तो वे जनपद के अन्य सरकारी स्कूलों को भी गोद लेकर उनका विकास करा सकते है। डा.भार्गव ने बताया कि जिले में कुल 593 परिषदीय विद्यालय हैं। इनमें करीब 80 हजार बच्चे पढ़ रहे हैं। शहर के स्कूलों की हालत बद से बदतर है। शहर में 125 विद्यालय हैं। इनमें से अधिकांश में शौचालय, फर्नीचर, बिजली, पेयजल और हाथ धोने के इंतजाम तक नहीं हैं। ऐसे में बच्चों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कई सरकारी स्कूलों में बालक और बालिकाओं के अलग–अलग शौचालय तक नहीं है। ऐसे में दोनों एक ही शौचालय का इस्तेमाल करते हैं। स्कूलों में अलग–अलग शौचायल बनवाए जाएं। प्रशासन द्वारा स्कूलों में सुविधाएं न देने से पढ़ने वाले बच्चों की संख्या भी कम हो रही है। प्रशासन को इस बारे में कुछ सोचना चाहिए। सिर्फ कागजी कार्रवाई से काम किया जा रहा है।

jk'ku forj.k e ftys dks feyk igyk LFkku

xkft;kckn : आधार से राशन वितरण के मामले में गाजियाबाद ने प्रदेश के अन्य जिलों को पीछे छोड़ दिया। फरवरी में गाजियाबाद पहले स्थान पर रहा। शामली दूसरे और हापुड़ तीसरे स्थान पर रहा। सरकार द्वारा 28 फरवरी को तय रेकिंग के आधार पर नंबर एक का स्थान दिया गया। जिले में राशन कार्ड को आधार से लिंक करने का कार्य चल रहा है। इसके लिए हर महीने रिपोर्ट मांगी जाती है। यह इसलिए किया जा रहा है ताकि राशन वितरण में किसी प्रकार की गड़बड़ी न की जा सके। इसके अलावा पात्र लोगों को हर हाल में राशन मिल सके। आधार से राशन वितरण

में जिले को पहला स्थाना मिला है। शहर में 516 राशन की दुकानें हैं। इन सभी ई–पोस मशीन हैं। इसी के आधार पर वितरण किया जा रहा है। इन दुकानों से 64 हजार 600 कार्ड धारक जुड़े हैं।

;g jfdx % गाजियाबाद 85.2 प्रतिशत, शामली 82.02 प्रतिशत, हापुड़ 80.18 प्रतिशत, फिरोजाबाद 80.04 प्रतिशत, पिलीभीत 79.7 प्रतिशत, बरेली 70.18 प्रतिशत।

Ghaziabad Development Authority seeks expert help to decongest key areas in city

GZB: The Ghaziabad Development Authority has asked the Central Road Research Institute (CRRI) to prepare a comprehensive mobility plan for three busy stretches in the city. A letter in this regard has been written by the GDA vice-chairperson to CRRI, officials said. The stretches identified by the GDA as traffic-snarl prone are from Ghanta Ghar to Bhatia More on GT Road, Modinagar along NH-58 and Indirapuram. Apart from this, the GDA has sought a feasibility report from CRRI for a multi-level parking near Swarn Jyanti Park in Indirapuram within one week. The GDA had recently signed a memorandum of understanding with CRRI for creating a comprehensive mobility plan for the entire city. Officials said it had been agreed that a short and long-term plan aimed at decongesting the city's roads would be prepared along with suggestions on changing the road design at busy intersections. "The CRRI had to submit a comprehensive mobility plan in nine months.

e/kcu&ckiw/kke e vk|kfxd {k= gkxk fodflr

xkft;kckn : गाजियाबाद में एक और औद्योगिक क्षेत्र विकसित होगा। यह क्षेत्र एनएच–58 पर मधुबन बापूधाम योजना में विकसित किया जाएगा। जीडीए इस औद्योगिक क्षेत्र के छोटे–बड़े सभी भूखंडों की बिक्री करने में जुट गया है। इस औद्योगिक क्षेत्र के विकसित होने से गाजियाबाद में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। जीडीए मधुबन बापूधाम योजना में औद्योगिक क्षेत्र विकसित कर रहा है। एनएच–58 पर विकसित होने वाले इस औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न आकार के भूखंड हैं। जीडीए अधिकारियों का कहना है कि यह औद्योगिक क्षेत्र 1,14,476 वर्ग मीटर में विकसित किया जाएगा। इसमें से 75,674 वर्ग मीटर जमीन पर छोटे–बड़े 40 से ज्यादा प्लाट हैं। यहां बेहतर बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए 11,555 वर्गमीटर में पार्क भी विकसित किए जाएंगे। साथ ही 27,247 वर्ग

मीटर जमीन सड़कों के लिए रखी गई है। जीडीए अधिकारियों का कहना है कि इस क्षेत्र में 540 वर्ग मीटर से लेकर 1310 वर्ग मीटर तक के प्लाट हैं। इसके अलावा एक अस्पताल के लिए भी भूखंड रखा गया है। इस क्षेत्र में उद्योग के अलावा 15,350 वर्ग मीटर में व्यावसायिक कार्यालय, 4500 वर्ग मीटर में होटल, 9483 वर्ग मीटर में मल्टीप्लेक्स, 4550 वर्ग मीटर में आस्पताल आदि विकसित किए जाएंगे। उद्यमियों का कहना है कि एक और औद्यगिक क्षेत्र विकसित होने का लाभ सभी को होगा। यहां उद्योग और व्यावसायिक कार्यालय खुलने से लोगों को रोजगार मिलेगा। उद्योगों में जहां श्रमिकों की जरूरत होगी। वहीं, बड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक कार्यालय खुलने से पढ़े–लिखे लोगों को भी रोजगार मिलने की संभावना है।

bu {k=k e g m|kx

गाजियाबाद में 15 से ज्यादा औद्योगिक क्षेत्र पहले से हैं। इसमें मुख्य रूप से कविनगर, बुलंदशहर, साउथ साइड जीटी रोड, साहिबाबाद, मेरठ रोड, उद्योग कुंज एनएच–24, डासना, एमजी रोड (मसुरी गुलावढ़ी) ट्रॉनिका सिटी लोनी, लोनी इंडस्ट्रियल इस्टेट, मुकंदनगर, पांडवनगर, अमृत स्टील कंपाउंड, आनंद इंडस्ट्रियल इस्टेट, मोहननगर इंडस्ट्रियल इस्टेट, पंजाब ऑल एक्सपेलर कंपाउंड, लोनी रोड इंडस्ट्रियल एरिया, एक्सपेलर कंपाउंड, लोनी रोड इंडस्ट्रीयल एरिया आदि हैं।

lMd fuekZ.k e djksMk dk ?kksVkyk] gkxh tkp

xkft;kckn । नगर निगम द्वारा शास्त्रीनगर में बनवाई गई सड़क में हुए कथित करोड़ों रुपये के घोटाले में कई की गर्दन फंसना तय है। लोकायुक्त ने इस मामले की जांच का आदेश जिलाधिकारी को दिया है। वेदप्रकाश अग्रवाल की शिकायत के बाद लोकायुक्त ने जांच के लिए दो सदस्यों की एक टीम से जांच कराने के लिए कहा गया है। टीम ने नगर निगम से घोटाले से संबधित पत्रावली तलब भी कर ली है। टीम ने जांच करने के लिए गाजियाबाद में डेरा डाल लिया है। अवस्थापना निधि से वित्तीय वर्ष 2015–16 में पौने चार करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर हुई थी। इस रकम से शास्त्रीनगर स्थित राज गैस एजेंसी के सामने की सड़क को दो से चार लेन तक चौड़ा करने, बीच में डिवाइडर बनाने, साइड में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का काम पूरा करने का प्रस्ताव पास हुआ था। शिकायत में आरोप लगाया कि मौके पर न तो डिवाइडर बना, न इंटरलॉकिंग टाइल्स लगी और न ही सड़क चार लेन चौड़ी हुई। इसके बावजूद ठेकेदार को 90 फीसदी भुगतान कर दिया गया था। चिरंजीव विहार निवासी वेद प्रकाश अग्रवाल ने इस मामले को उठाया था। उन्होंने प्रदेश सरकार को भी जांच के लिए पत्र लिखा था। शिकायत के बाद भी सुनवाई न होने पर उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका डाली थी। इसके अलावा लोकायुक्त यूपी से भी शिकायत की गई। लोकायुक्त ने जिलाधिकारी रितु माहेश्वरी और नगर आयुक्त सीपी सिंह को पत्र भेजा है।

dSx tehu ds lkFk dsæ ls feyus okys iSls dk Hkh fglkc ysxk

xkft;kckn : नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) सूबे में विभिन्न योजनाओं के नाम पर किए गए जमीन अधिग्रहण की जांच के साथ ही केंद्र और राज्य सरकार से मिलने वाले हर पैसे का हिसाब लेगा। इस बाबत भू–अर्जन विभाग से जानकारी मांगी गई है। साथ ही मुआवजा वितरण में लगाए गए कर्मचारियों की सूची तलब की है। इससे ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे और एनएचएआई से जुड़ी योजनाएं जांच के दायरे में आ सकती हैं। भूमि अध्याप्ति निदेशक दिग्विजय सिंह ने गाजियाबाद समेत कई जिलों के जिलाधिकारियों से पिछले पांच साल दौरान विभिन्न योजनाओं के लिए अधिग्रहीत जमीन के दस्तावेज मांगे हैं। यह रिकॉर्ड कैग को दिया जाना है, ताकि जमीन से जुड़ी जांच हो सके। मंडलायुक्त डॉ. प्रभात कुमार ने गाजियाबाद में दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस वे समेत कई योजनाओं की जांच कराई। इसमें दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस वे में 25 करोड़ रुपये का घोटाला पकड़ा गया। कैग टीम जमीन ही नहीं विभिन्न योजनाओं के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार से मिले पैसे का भी हिसाब लेगी। भू–अर्जन विभाग से पांच साल के दौरान मिलने पैसे की जानकारी मांगी गई है। इसके अलावा भू–अर्जन दफ्तर में कितने अधिकारी और कर्मचारी है, कितने पद खाली हैं। मुआवजा वितरण करने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया या नहीं। किस तरह किसानों को मुआवजा वितरण किया गया। यह जानकारी निर्धारित प्रारूप में भेजने के लिए कहा गया। शासन के आदेश पर भू–अर्जन विभाग दस्तावेज तैयार करने में जुटा है। एडीएम भू अर्जन का कहना है कि यह रूटीन प्रक्रिया है। शासन से सामान्य जानकारी मांगी गई है। भू–अधिग्रहण की जांच होगी इसका पता नहीं। गौरतलब है कि कैग जांच होने से कुछ अधिकारी और कर्मचारियों में हड़कंप है। दरअसल, दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस वे घोटाला में एक पूर्व भू–अर्जन अधिकारी और अमीन फंस चुके है। उनके खिलाफ शासन के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। दो पूर्व जिलाधिकारियों के नाम भी इस प्रकरण में जुड़ चके हैं। इसे देखते हुए कुछ अधिकारी और कर्मचारियों के होश फाख्ता हैं।

Ng vkSj ftyk ls tkudkjh ekaxh

छह और जिलों के जिलाधिकारियों से भू–अधिग्रहण से जुड़े दस्तावेज मांगे गए हैं। इसमें गौतबुद्धनगर, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़, मथुरा और सीतापुर के जिले हैं। इस हिसाब से कुल 38 जिले हो गए।

vk/kkj dkMZ fyad djkus ds cgkus ;qod ls Bxh

xkft;kckn । कनावनी गांव में रहने वाले एक युवक से नौ हजार रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। बदमाश ने आधार कार्ड लिंक कराने के बहाने बैंककर्मी बनकर युवक से उसके खाते की जानकारी ली। फिर ऑनलाइन खरीदारी कर वारदात को अंजाम दिया। कनावनी निवासी रोहित एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। रोहित ने बताया कि शनिवार शाम को उनके पास एक युवक का फोन आया। युवक ने खुद को बैंककर्मी बताते हुए आधार नंबर को बैंक खाते से लिंक कराने के लिए कहा। इस दौरान युवक ने कहा कि अगर वह तुरंत बैंकखाते और आधार कार्ड की जानकारी दे तो वह तुरंत लिंक कर देगा।

<kbZ djksM esa fcdk vkoklh; Hkw[kaM

xkft;kckn : जीडीए ने सोमवार को इंदिरापुरम ज्ञानखंड चार का आवासीय भूखंड ढाई करोड़ रुपये में नीलाम किया। इसके साथ ही ब्रिज विहार और नंदग्राम योजना की संपत्ति साढ़े तीन करोड़ रुपये में बेची गई। लंबे समय के बाद नीलामी में साढ़े तीन करोड़ की संपत्ति बिकने से जीडीए अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। जीडीए ने सोमवार को प्राधिकरण के सभाकक्ष में बहुउद्देश्यीय भवनों की संपत्तियों और आवासीय भूखंडों की नीलामी कराई। नीलामी के लिए कुल 17 संपत्तियां रखी गई थीं। इसमें इंदिरापुरम ज्ञानखंड–4 के 214.26 वर्गमीटर आवासीय भूखंड खरीदने की लोगों में रुचि दिखाई। प्राधिकरण ने इस भूखंड का न्यूनतम आरक्षित मूल्य 1.07 करोड़ निर्धारित किया था, जिसे नीलामी में ढाई करोड़ में बेचा गया। इसके अलावा ब्रिज विहार योजना सेक्टर–8सी ब्लॉक में 55.86 वर्गमीटर का आवासीय भूखंड 39. 22 लाख में नीलाम हुआ, इसका न्यूनतम आरक्षित मूल्य 16.76 लाख निर्धारित था। नंदग्राम योजना में एलआईटी आवासीय भवन 15.68 लाख में नीलाम हुआ, इसकी न्यूनतम आरक्षित मूल्य 4.17 लाख आरक्षित किया था। इसी योजना में 115.27 वर्गमीटर का कन्वीनियेंट शॉपिंग भूखंड 45.56 लाख में नीलाम हुआ।

thMh, us lMdksa ds fdukjs ls jgsM+h&iVjh vkSj cSuj gVk,

xkft;kckn । जीडीए ने सोमवार को इंदिरापुरम की सड़कों से बैनर–पोस्टर, रेहड़ी–पटरी और खोखे हटाए गए। वहीं सड़कों के किनारे खड़े वाहनों को उठाया गया। जीडीए अधिकारी आरपी सिंह ने बताया कि सोमवार को इंदिरापुरम में अतिक्रमण हटाने, अवैध पोस्टर बैनर हटाने के लिए चार टीम बनी थी। काला पत्थर से शुक्रबाजार चौक तक, जयपुरिया माल से हैबीटेट सेंटर तक, आदित्य मेगा मॉल तक और अभय खंड इलाके में पोस्टर बैनर हटाने की कार्रवाई की गई।

xkft;kckn ds gksyh ,ats y ifCyd Ldwy ij dsl ntZ

xkft;kckn : कविनगर थाने में होली एंजल पब्लिक स्कूल के प्रबंधन, डायरेक्टर और प्रधानाचार्य के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि दसवीं कक्षा के बच्चे को एडमिशन देने और पूरे साल फीस व अन्य खर्च वसूलने के बाद भी सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा का एडमिट कार्ड नहीं दिलाया गया, जिसके चलते उसका एक साल खराब हो गया। बता दें कि इसी हफ्ते विभिन्न स्कूलों के 94 बच्चों ने इसी स्कूल पर एडमिट कार्ड न देने का आरोप लगाया था, जबकि सोमवार को स्कूल में ही पढने वाले नौ बच्चों के अभिभावकों ने भी 10वीं की बोर्ड परीक्षा के एडमिट कार्ड न देने का आरोप लगाया था। होली एंजल पब्लिक स्कूल में इसी सत्र में नौ बच्चों का ट्रांसफर दूसरे स्कूल से हुआ था। इनमें लोहियानगर निवासी सानिध्य भी शामिल है। सानिध्य के पिता पवन गोयल ने बताया कि नौवीं पास करने के बाद सानिध्य का ट्रांसफर उन्होंने कविनगर के होली एंजल पब्लिक स्कूल में कराया था।

डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा

xkft;kckn : कलेक्ट्रेट सभागार में बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी रितु माहेश्वरी ने जिले में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में इस माह के अंत तक बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सभी सरकारी विद्यालयों को आदर्श विद्यालय के रूप में परिवर्तित करने के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी, सभी खंड विकास अधिकारियों और जिला पंचायत राज अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि आदर्श विद्यालयों में सुसज्जित भवन, शौचालय, चारदीवारी, पंखे, कंप्यूटर, डस्टबिन, रैंप सहित अन्य के लिए निर्देश दिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि 308 विद्यालय आदर्श विद्यालय बनाये गए हैं जबकि 162 विद्यालय अभी शेष रह गए हैं। जिलाधिकारी विकास कार्यों एवं योजनाओं को तय समय और गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।समीक्षा बैठक में हाउड्क्षसग के 41 केस मिलने पर रजिस्ट्री कराने का नोटिस दे देने के लिए कहा गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रमेश रंजन, परियोजना निदेशक डीआरडीए एसके त्रिपाठी, समाज कल्याण अधिकारी परितोष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

clrij lFkyh ç/kku dks e[;e=h us fd;k lEekfur

xkft;kckn : मुरादनगर क्षेत्र के गांव बसंतपुर सैंथली की प्रधान को मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गांव में उत्कृष्ट कार्य करने और स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देने के लिए प्रधान को सम्मानित किया गया। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में वह मेरठ मंडल से सम्मानित होने वाली इकलौती प्रधान हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला ग्राम प्रधानों और स्वच्छाग्रहियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। स्वच्छ शक्ति नामक इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं केंद्रीय

मंत्री उमा भारती ने स्वच्छ भारत अभियान, बेटी–बचाओ, बेटी–पढ़ाओ अभियान आदि में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला ग्राम प्रधानों और स्वच्छाग्रहियों को सम्मानित किया। क्षेत्र के गांव बसंतपुर सैंथली की प्रधान अर्णिमा त्यागी को भी इस सम्मान से नवाजा गया। वह मेरठ मंडल की इकलौती महिला ग्राम प्रधान हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री ने इस सम्मान से नवाजा। बता दें कि क्षेत्र के गांव बसंतपुर सैंथली में प्रधान अर्णिमा त्यागी ने कई उत्कृष्ट कार्य किए हैं। गांव में पहुंचने पर स्वच्छ भारत अभियान का खासा असर देखने को मिलता है। गांव को पूरी तरह ओडीएफ कर दिया गया है। गांव में कोई भी व्यक्ति खुले में शौच करता नहीं देखा जा सकता है। इसके अलावा गांव के प्राथमिक विद्यालयों की सूरत भी पूरी तरह बदल दी गईं। गांव का प्राथमिक विद्यालयों को देख ऐसा लगता है कि मानों यह प्राइवेट स्कूल हों।

vrjk"Vh; efgyk fnol ij vk;kftr fd, x, dk;Øe

xkft;kckn : कलेक्ट्रेट सभागार में बृहस्पतिवार को आकांक्षा समिति और स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में मौजूद रहीं जिलाधिकारी रितु माहेश्वरी ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका अग्रणी हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। हर क्षेत्र में काम कर रही महिलाएं समाज को आगे बढ़ाने का काम

कर रही हैं। समारोह में डीएम ने 10 अलग–अलग क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं और 11 महिला ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया। इसमें महिला थाना प्रभारी सुनीता मलिक, महिला अस्पताल की सीएमएस डा. दीपा त्यागी, जूडो कोच शिवानी, एडीआइओएस ज्योति दीक्षित, पूनम शर्मा सहित अन्य शामिल रहीं। समारोह में पूनम शर्मा, पुनीता त्यागी, अंजू जैन, संध्या त्यागी, अर्चना शर्मा, डा. मंजू आदि मौजूद रहीं।

pkbYM ykbu dkvkfMZuVj d lkFk bfnjkiije Fkku e vHkærk

xkft;kckn ।। इंदिरापुरम क्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी के लापता होने के मामले में परिजनों के साथ थाने पहुंचे चाइल्ड लाइन कोआर्डिनेटर के साथ थाने में अभद्रता की गई। शिकायत देकर कोआर्डिनेटर ने जल्द कार्रवाई की अपील की तो थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनसे अभद्रता की। उन्होंने तुरंत सीओ और बाल कल्याण समिति की सदस्य को बताया। आला अधिकारियों के निर्देश पर तुरंत मुकदमा दर्ज किया गया। चाइल्ड लाइन के कोआर्डिनेटर आरिफ ने बताया कि 28 फरवरी को एक 14 वर्षीय लड़की संदिग्ध हालात में घर से लापता हो गई थी। परिवार में सिर्फ मां और भाई ही है, जोकि पुलिस थाने में जाने से डर रहे थे। उन्होंने 1098 पर कॉल कर चाइल्ड लाइन को सूचना दी, जिसके बाद बुधवार को वह इंदिरापुरम थाने में पहुंचे। लिखित शिकायत देकर उन्होंने कहा कि यह केस चाइल्ड लाइन के पास भी दर्ज है। परिजनों की परेशानी का हवाला देकर जल्द कार्रवाई को कहा।

efgykvk dk fl[kk, vkRej{kk d xj

xkft;kckn : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बृहस्पतिवार को पुलिस लाइन में पुलिस द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए साथ ही मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में सेल्फ डिफेंस विशेषज्ञ परवेज अली ने महिलाओं को अपने साथ रहने वाले सामान क्लचर, मोबाइल फोन, चश्मा, दुपट्टे व पर्स द्वारा किस तरह से आत्मरक्षा की जाए इसका प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्राएं व महिलाएं शामिल हुई। इस मौके पर एसएसपी हरिनारायण ङ्क्षसह ने कहा कि सेल्फ डिफेंस के गुर सीखने के साथ महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ेता है। इसलिए महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज के समय में समाज में अग्रणी भूमिका में रहकर प्रशंसनीय काम कर रही हैं। इसके लिए महिलाओं को बढ़ावा देना चाहिए।

4097 Nk=k u 27 ldM e jpk bfrgkl

xkft;kckn : आईटीएस संस्थान के मुरादनगर, मोहन नगर और ग्रेटर नोएडा स्थित परिसर में छात्रों ने एक साथ माउथवॉश कर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया। 4097 छात्रों ने पहले प्रयास में ही निर्धारित समय से पहले 27 सेकेंड में कीर्तिमान रच गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स में नाम दर्ज करा लिया। आयोजन का मुख्य उद्देष्य त्मुख को साफ रखने के लिए जागरूकताय फैलाना था। इसमें कुल 4166 छात्रों ने भाग लिया। विभिन्न कारणों से इसमें 4097 छात्रों को चुना गया। इस कीर्तिमान में मुरादनगर स्थित परिसर में 1321, ग्रेटर नोएडा स्थित परिसर

में 1384 और मोहन नगर स्थित परिसर में 1392 छात्रों ने भाग लिया। हालांकि यहां बनाया गया रिकार्ड टाइप टू का है, जिसमें कई जगह एक साथ कार्यक्रम कराए गए थे। एक जगह का रिकार्ड (टाइप वन) अभी भी फिलिपिंस की एक संस्था के नाम है, जहां एक साथ 2046 छात्रों ने माउथ वॉश किया था।

mÙkj jsyo d egkçc/kd u fLXuy od'k,i dk fujh{k.k fd;k

xkft;kckn : उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक विश्वेश चौबे ने बुधवार को गाजियाबाद स्थित सिग्नल वर्कशॉप का निरीक्षण किया। वह यहां वर्कशॉप में नए बने रिटायरिंग रूम का उद्घाटन करने पहुंचे थे। यह रिटायरिंग रूम सिग्नल वर्कशॉप में बाहर से आने वाले रेलवे स्टॉफ के ठहरने के लिए बनाया गया है। बुधवार सुबह करीब 10.40 बजे उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक विश्वेश चौबे स्पेशल रेल गाजियाबाद कोटगांव फाटक के पास स्थित सिग्नल वर्कशॉप में पहुंचे। यहां रिटायरिंग रूम के उद्घाटन के बाद उन्होंने पूरे वर्कशॉप में निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अच्छे कार्यों के लिए जहां स्टाफ की सराहना की। वहीं कई जगह कमियां देख जरूरी दिशा–निर्देश भी दिए। इस दौरान उनके साथ दिल्ली के आए अफसरों के साथ स्थानीय अफसर भी मौजूद रहे।

EDITORIAL

India's economy returns to its growth pattern

The Indian economy has recovered from the disruptions caused by the invalidation of high value currency notes in November 2016 (demonetisation) and the implementation of the unified Goods and Services Tax in July 2017. The benefits of the first can be debated and so, hypothetical as the exercise may be, one can't help wondering where the economy would have been without it. The second was necessary, and has definite medium- and long-term benefits. The numbers released on February 28 by the Central Statistics Office show that key macroeconomic indicators are back (well, almost back) to where they were in late 2016. For instance, the growth in Gross Value Added or GVA was 6.7% in the three months ended December 31, up from 6.2% in the preceding three months. It is inching closer to the 7.2% growth seen in the three months ended 30 September 2016. Similarly, the manufacturing sector (the worst hit by the implementation of GST) grew 8.1% in the three months ended December 31, up from 6.9% in the preceding three months.

The numbers, and the return of growth, were expected. The Indian economy grew by 7.2% in the three months ended December (GDP), beating analyst estimates of 7%. Since January, high-frequency data (data measured and released every month, such as sales or various products), have shown that the Indian economy is back to its growing ways. Earnings of Indian companies for the three months ended December show the same trend and the fastest growth in a year. The most heartening thing about the latest data is that investment growth is back. Gross fixed capital formation grew at 12% in the three months ended December, up from just under 7% in the preceding three months. Investment growth (or demand) and consumption growth are the two big pillars of GDP growth. The worrying thing for India is that the government is running out of tinder (its fiscal deficit at the end of December was almost 114% of the full year number) ,which means its ability on both the consumption and the investment side of the equation will now be limited, and private consumption growth is slowing.

Still, barring an oil-price shock, and despite the strange case of Indian exports (which should be growing strongly but aren't), it is evident that the Indian economy, which will end March as a $2.6 trillion dollar one, is back where it was ahead of demonetisation. That we should be celebrating a 7.2% growth is a reflection of how bad the past 15 months have been. If things stay the same on all fronts, we can look forward to a better 2018-19 and 2019-20.

-By Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

Girl's body found with injury marks

NOIDA: A 15-year-old girl was found dead at her rentedaccommodation in Sector 33 on Saturday. The deceased, Kallo, had injury marks on her throat and is suspected to have been strangulated. The police suspect the role of her family members behind the alleged murder. The victim lived with her family members in a shanti. Her father Dalveer is a sanitation worker with Noida Authority. Akhilesh Tripathi, SHO, Sector 24 police station, said that on Saturday evening that the police had received information that a young girl was dead. "A police team reached the spot and took the body in custody and launched an investigation into the matter," he said.

cd e vjck #i, dk ?kkVkyk vkj fuxjkuh

euh"kk Hkkxo

i tkc नेशनल बैंक में अरबों रुपए का घोटाला सामने आने के बाद सरकार की नींद टूटी है। ऐसे घोटालों को कैसे रोका और कर्ज डकार कर भागने वालों से निपटा जाए, यह सवाल सरकार और बैंक प्रबंधन के लिए बड़ा सिरदर्द बना हुआ है। फिलहाल फौरी तौर पर सक्रिय हुए वित्त मंत्रालय ने सभी बैंकों को पंद्रह दिन की मोहलत देते हुए ऐसे जोखिमों से बचाव के लिए अपनी व्यवस्था चाकचौबंद करने को कहा है। अब अगर पचास करोड़ रुपए से ज्यादा का कोई कर्ज संदेह के घेरे में आता है तो बैंक को तत्काल इसकी सूचना केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) को देनी होगी। बड़े घोटालों से पार पाने के लिए सीबीआइ के अलावा प्रवर्तन निदेशालय और राजस्व खुफिया निदेशालय जैसी एजंसियां भी सक्रिय भूमिका निभाएंगी। जो ताकतवर लोग कर्ज लेकर चंपत हो गए हैं, उनसे वसूली के लिए नया कानून बनाने की भी तैयारी है। इस कानून में आर्थिक अपराधों की जांच करने वाली एजंसियों को और सशक्त बनाने का प्रावधान है। यह कानून बनने के बाद ऐसे फरार घोटालेबाजों के खिलाफ मुकदमों के लिए विशेष अदालतें बनाई जाएंगी, जो इन मामलों का निपटारा करेंगी।

शुरू में नीरव मोदी–मेहुल चोकसी का घोटाला ग्यारह हजार चार सौ करोड़ रुपए का था, लेकिन अब यह बारह हजार सात सौ करोड़ को पार कर गया है। रोटोमैक कंपनी का साढ़े तीन हजार करोड़का घोटाला और सिंभावली शुगर मिल में सौ करोड़ से ऊपर का घपला भी उजागर हुआ। अभी ऐसे और घोटाले सामने आएं तो कोई आश्चर्य की बात नहीं। दरअसल, ये घोटाले बैंकों के कुप्रबंधन और गहरे पैठे भ्रष्टाचार की देन हैं। बैंक अफसरों की मदद से कर्जखोर कैसे लूट मचाते हैं, पंजाब नेशनल बैंक घोटाला इसका उदाहरण है। पीएनबी का उप प्रबंधक गोकुलनाथ शेट्टी सात साल से जिस संवेदनशील पद पर जमा था, उस पर तीन साल से ज्यादा किसी को नहीं रखा जा सकता, जबकि तीन बार शेट्टी के तबादला आदेश रद्द हुए। जाहिर है, शेट्टी की पहुंच ऊपर तक रही होगी और शीर्ष स्तर पर भी इससे कोई अनजान नहीं रहा होगा। अब वित्त मंत्रालय ने जो निर्देश दिए हैं उनमें शीर्ष स्तर के प्रबंधन की जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई है। इन घोटालों ने वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक को भी कठघरे में ला दिया है। लालफीताशाही संस्कृति में जकड़ा वित्त मंत्रालय इस बात से आंखें मूंदे रहा कि बैंकों में अंदर ही अंदर क्या हो रहा है। हाल में एक आरटीआइ पर वित्त मंत्रालय ने जवाब दिया था कि उसे विजय माल्या के कर्ज के बारे में कोई जानकारी नहीं है। माल्या के बारे में देश की जनता, बैंक, अदालतें सबको पता है, लेकिन वित्त मंत्रालय अनजान है। सरकार के लिए इससे ज्यादा शर्मनाक और क्या हो सकता है?

d,jikjV vkj fdlku e Qdl D;k

nfonj 'kek

पंजाब के बठिंडा में एक किसान को एक साल की जेल की सजा सुनाई गई और उस पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी किया गया। उसकी गलती बस यह थी कि वह बैंक से लिया दो लाख रुपये का कर्ज नहीं लौटा सका था। कुछ हफ्ते पहले हरियाणा के एक किसान को डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने दो साल कैद की सजा सुनाई और उसे 9.80 लाख रुपये जमा करने के आदेश दिए। उसने सिंचाई के लिए पाइप लाइन बिछाने के लिए छह लाख रुपये का कर्ज लिया था। सीबीआई ने जब रोटोमेक के मालिक विक्रम कोठारी को 3,695 करोड़ रुपये के कर्ज का भुगतान न करने से संबंधित मामले में गिरफ्तार किया था, तब मैं सोच रहा था कि क्या अदालत उन्हें सजा सुनाए जाने के साथ ही उन पर इस राशि के बराबर जुर्माना करेगी। दरअसल विभिन्न तबके के लोगों के लिए व्यवस्थाएं अलग अलग हैं। एक और मामले को देखिए। हरियाणा के कैथल के 96 वर्षीय रामदिया के लिए हर महीने मिलने वाली 1,600 रुपये की वृद्धावस्था पेंशन ही एकमात्र सामाजिक सुरक्षा थी। मगर इस उम्र में पिछले कुछ महीने से उन्हें इससे वंचित कर दिया गया था। 2006 में उन्होंने पचास हजार रुपये का जो कर्ज लिया था, उसके भुगतान के लिए बैंक ने निर्दयता पूर्वक उनकी सारी पेंशन ही ले ली, जोकि उसी बैंक के जरिये उन्हें मिलती थी। वृद्धावस्था पेंशन के सिर्फ वही ऐसे लाभार्थी नहीं है, जिन्हें उनकी इस जीवनरेखा से काटकर अलग कर दिया गया। यह बैंकिंग के कायदों के विपरीत है। मगर गरीब और वंचित तबके के लोगों के साथ बैंकिंग व्यवस्था इसी बेरहमी से पेश आ रही है। दूसरी ओर बैंकों ने धनी दिवालिया लोगों के लिए अलग नियम बना रखे हैं। उनके साथ नरमी से पेश आया जाता है और यहां तक कि रिजर्व बैंक ने भी उनके द्वारा लिए गए कर्ज को जायज ठहराया है, जोकि अब फंसा कर्ज बन चुका है। खबरों के मुताबिक 30 सितंबर, 2017 को अपनी मर्जी से दिवालिया होने वाले 9,339 लोग थे, जिन्होंने बैंकों के कुल 1.1 लाख करोड़ रुपये के कर्ज लौटाने से इन्कार कर दिया था। जानबूझकर दिवालिया होने वाले ऐसे लोग या कंपनियां क्षमता होने के बावजूद कर्ज का भुगतान नहीं करना चाहते। इसलिए क्योंकि वे जानते हैं कि पूरी बैंकिंग व्यवस्था और आर्थिक नीतियां उन्हें सुरक्षा की एक छतरी प्रदान करती हैं। विगत चार वर्षो में कॉरपोरेट कर्ज बहुत तेजी से डूबा है। 2013 में खराब कर्ज की राशि 28,417 करोड़ रुपये थी, जो कि बढ़कर सितंबर, 2017 में 1.1 लाख करोड़ रुपये हो गई। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि बैंकों के दो नियम हैं, एक कॉरपोरेट के लिए दूसरा किसानों के लिए। बैंक अक्सर कर्ज न चुकाने वाले किसानों के नाम और फोटो तहसील कार्यालय में चस्पा कर देते हैं, लेकिन मैंने बैंकों को कभी कॉरपोरेट दिवालिया लोगों के नाम इस तरह उजागर करते नहीं देखा। वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक कई बार सर्वोच्च न्यायालय से जानबूझकर दिवालिया होने वाले लोगों के नाम उजागर न करने का आग्रह कर चुके हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे निवेशकों में गलत संदेश जाएगा। यदि जानबूझकर दिवालिया होने वाले 9,339 लोगों के नाम और तस्वीरें बैंकों की शाखाओं में और सीआईआई, फिक्की और एसोचैम जैसे औद्योगिक संगठनों के सूचना पट्टों पर चस्पा कर दिए जाते, तो मुझे पक्का यकीन है कि इससे वे शर्मिंदा होते और यह कदम कवच का काम करता। लेकिन ऐसे लोगों को मिल रही सुविधाएं और रियायतों के कारण फंसा कर्ज (एनपीए) बढ़ता जा रहा है और उन्हें किसी तरह का पश्चाताप भी नहीं है, जो यह दिखाता है कि किस तरह से बैंकिंग का पूरा ढांचा केवल अमीरों और ताकतवर लोगों की सेवा कर रहा है। नीरव मोदी और उनके सहयोगियों ने पंजाब नेशनल बैंक से 11,400 करोड़ रुपये (अब यह राशि और बढ़ गई है) हड़प लिए और गिरफ्तारी से बचने के लिए भागकर सुरक्षित पनाहगाहों में पहुंच गए हैं, तो यह दिखाता है कि बैंकिंग नियामक का भय सिर्फ आम आदमी के लिए है।

Ghaziabad couple found dead in bathroom after Holi party

GHAZIABAD: Hours after extended Holi celebrations with family and neighbours, an executive at a cellular services company and his wife, who worked with an MNC, were mysteriously found dead in the bathroom of their Indirapuram flat on Friday. Police are clueless on how the couple died. The postmortem report puts the cause of death as "uncertain". The two were found naked, with strips of tablets to treat blood pressure strewn near the bodies, police said. "Their viscera have been preserved for now and will be sent for forensic tests in Agra," said Sachin Malik, the SHO of Indirapuram. The police are yet to receive any written complaint. Neeraj Singhania, 38, a deputy general manager

with Matrix Cellular (International) Services Limited, and his wife Ruchi, 35, who worked with a US-based IT company in Noida, lived with his parents, younger brother and sister in a 3BHK flat in Indirapuram's Gyan Khand 1. They have a five-year-old daughter. The police said the couple had celebrated Holi through the day on the roof of their flat and returned around 6pm. When they did not respond to repeated knocks on the door around 9.30pm, Neeraj's younger brother looked through a slit in the window and found his sister-in-law's leg protruding from the bathroom. Sensing something amiss, the family broke open the door. "They found the couple lying on the floor of the bathroom without any clothes. An ambulance was called and they were rushed to a private hospital, where they were declared dead on arrival. Their bodies, however, did not have any injury marks," said Rakesh Kumar Mishra, the circle officer of Indirapuram. "Ruchi's parents, too, had come from Vaishali to celebrate Holi in the Indirapuram flat. The birthday of Neeraj's father Prem Prakash Singhania and the marriage anniversary of his parents-in-law fall on March 2. The family had gathered to celebrate the occasion," Mishra added. Police sources said the celebrations had started early in the morning for the Singhanias. A roof-top party was organised and attended by relatives as well as neighbours. Abhishek Das, one of the neighbours, said: "Around 9.45pm, I saw an ambulance parked in front of our building. I rushed downstairs and saw Neeraj being taken on the stretcher and paramedics giving CPR (cardiopulmonary resuscitation) to Ruchi. I heard a doctor tell the family that the two were already dead and it was up to them to take them to the hospital. Neeraj's family decided to go to the hospital."

Complaint against us false: Jaypee Infratech Limited

